>

Title: Need to improve internet facilities in Ghoghamba tehsil in Chhota Udaipur Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री रामसिंह राठवा (छोटा उदयपुर): आज हमारे देश में इंटरनेट की सुविधा हो जाने से कठिन से कठिन कार्य आसानी एवं सरलतापूर्वक किया जाता है, चाहे वह सरकारी कार्य हो या निजी कार्य। आज देश के हर कोने में हर वर्ग के लोग इंटरनेट का प्रयोग कर रहे हैं। देश का कोना कोना इंटरनेट से जुड़ा हुआ है , आज देश के सभी ताल्लुका या तहसील इंटरनेट के माध्यम से जुड़े हुए हैं।

एक बड़े दुख की बात है कि हमारे संसदीय क्षेत्र में घोघंबा नामक एक तहसील में इंटरनेट की सुविधा ठीक ढंग से नहीं मिल पाने के कारण कंप्यूटर से संबंधित सभी प्रकार के सरकारी अथवा निजी कार्य करने में वहां की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इस तहसील को इंटरनेट से जोड़ने के लिए बारीया स्थित बूस्टर स्टेशन से घोंघबा तहसील को जोड़ा गया है, घोघंबा से बारीया बूस्टर स्टेशन के बीच की दूर 60 से 70 किलो मीटर है।

घोघंबा से बारीया बुस्टर स्टेशन की दूरी काफी अधिक होने के कारण ऑप्टिक फाईबर वर्षा के मौसम में या फिर किसी अन्य प्रकार के कन्स्ट्रक्शन कार्य के दौरान केबल ब्रेक हो जाता है और इस तरह से इंटरनेट सिग्नल की गति धीमी हो जाती है और इंटरनेट काम करना बंद कर देती है, इस प्रकार से उस तहसील में स्थित सभी प्रकार के विभागीय/प्रशासनिक/िनजी कार्यालयों में कम्प्यूटर से संबंधित सभी कार्य अचानक रूक जाते है, जिससे वहां जनता के कल्याण से संबंधित सभी कार्य रूक जाते हैं और इस तरह से यहां की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

मेरा सरकार से निवेदन है कि यदि घोघंबा तहसील में इंटरनेट की अच्छी सुविधा प्रदान करने के लिए बारीया बूस्टर स्टेशन से जोड़ने के बजाए हालोल बूस्टर स्टेशन से जोड़ा जाए तो घोघंबा तहसील में इंटरनेट की समस्या स्वतः समाप्त हो जायेगी क्योंकि घोघंबा से हालोल बूस्टर स्टेशन के बीच की दूरी केवल 20 से 25 कि.मी. है। हालोल और घोघंबा की दूरी कम होने के कारण इंटरनेट सिग्नल की गति तेज रहेगी और इस तरह से घोघबा तहसील की जनता तथा सरकारी कर्मचारी बिना किसी बाधा के इंटरनेट की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।